हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारिख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
03.03.2020 आज दिनांक 03.03.2020 को अद्योहस्ताक्षकर्ता के भ्रमण निरीक्षण रात्रि विश्राम कार्यक्रम के दौरान उक्त पत्रावली को पेशी में लिया जाकर में प्रार्थीगण द्वारा चाहे गये रास्ते का सम्बधित पटवारी हल्का, भू–अभिलेख निरीक्षक तथा नायब तहसीलदार हनुमानगढ़ के साथ मौका निरीक्षण किया गया। दौराने मौका निरीक्षण पाया कि चक 19 एल.ए.डब्ल्यू. के पत्थर नम्बर 95 / 225 (36) के किला नम्बर 1 में 0.013 हैक्टर रास्त उत्तर से दक्षिण चालू है, जो राजस्व रिकार्ड में स्वीकृत नहीं है। पत्थर नम्बर 95 / 225 (36) के किला नम्बर 1 ता 5 प्रत्येक में 0.025 हैक्टर गैर मुमकिन रास्ता मौके पर चालु है।	

पत्रावली का अवलोकन किया गया बाद अवलोकन पाया कि प्रार्थी द्वारा पत्थर नम्बर 95 / 225 (36) के किला नम्बर 1 में पश्चिम दिशा में उत्तर से दक्षिण 2 गट्ठा रास्ता स्वीकृत किये जानें हेतु निवेदन किया गया है।

अप्रार्थीगण की तलबी रजिस्ट्रर्ड डाक से करवाई गई परन्तु अदम तामिल प्राप्त होनें तथा मौका निरीक्षण के अनुसार रास्ता मौके पर चालु होना तथा प्रार्थी के पास चाहे गये रास्ते के अतिरिक्त अन्य कोई विलक्प नहीं होनें के कारण प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाना न्यायोचित पाया जाता है।

अतः प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना–पत्र 251–ए आर.टी.ए. स्वीकार किया जाकर चक 19 एल.एल.डब्ल्यू के नम्बर 95 / 225 (36) के किला नम्बर 1 में पश्चिम दिशा में उत्तर से दक्षिण 0.012 हैक्टर गैर मुमकिन रास्ता स्वीकृत किया जाकर रास्ते की

भूमि के मुआवजा स्वरूप प्रार्थी लालूराम बैगराह की खातेदारी भूमि चक चक 19 एल.एल.डब्ल्यू. के पत्थर नम्बर 95 / 225 (36) के किला नम्बर 10 में से किला नम्बर 1 के चिपती हुई 0.012 हैक्टर भूमि अप्रार्थीगण को देगा।

तहसीलदार हनुमानगढ़ को निर्णय की प्रति भिजवाई जाकर निर्देशित किया जाता है, कि अपील की मियाद अवधी के पश्चात उक्तानुसार राजस्व रिकार्ड में गैर मुमकिन रास्ता तथा रास्ते की भूमि के बदले मुआवजा स्वरूप दी गई भूमि का अप्रार्थीगण के पक्ष में राजस्व रिकार्ड में अंकन किया जाना सुनिश्चित करें।

निर्णय खुले न्यायालय में सुनाया गया। तहसीलदार हनुमानगढ़ को निर्णय की प्रति पालना हेतु भिजवाई जाकर पत्रावली नम्बर से कम जाकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।

(कपिल यादव)
उपखण्ड अधिकारी एवम्
पदेन सहायक कलक्टर
हनुमानगढ़

Web Copy - Not Official

Scanned by CamScanner

Signature Not Verified
Digitally signed by Kapil Kumar Yadav
Date: 2020.04.07 23:22:59 IST
Reason: SelfAttested